मुख्यमंत्री ने 1.23 लाख आँगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं को स्मार्ट फोन बाँटे

चर्चा में क्यों?

28 सितंबर, 2021 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित एक समारोह में प्रदेश के 1.23 लाख आँगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं को स्मार्ट फोन और नवजात शिशुओं के विकास स्तर को मापने के लिये आँगनबाड़ी केंद्रों में 1.87 लाख नवजात विकास निगरानी उपकरण (इंफैंटोमीटर) वितरित किये।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्मार्ट आँगनबाड़ी बच्चों के सर्वांगीण विकास की नींव होगी। स्मार्ट फोन हर बच्चे की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करेगा, जिससे दैनिक कार्य आसान और पारदर्शी हो जाएगा।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में घातक वायरल संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिये गठित निगरानी समितियों के हिस्से के रूप में, आँगनबाड़ी कार्यकर्त्ता चिकित्सा किट प्रदान करने के लिये घर-घर गईं और लोगों को कोविड वैक्सीन के प्रति जागरूक भी किया।
- उन्होंने कहा कि आँगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं ने ही 'दस्तक अभियान' को सफल बनाया। आज उत्तर प्रदेश ने एंसेफेलाइटिस को 95-97 प्रतिशत तक सफलतापूर्वक समाप्त कर दिया है, जिसका श्रेय आँगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं को दिया जाना चाहिये।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cm-distributes-smart-phones-to-1-23-lakh-anganwadi-workers